<u>प्रेस नोट</u>

<u>साइबर सेल /थाना मोठ ,</u>

<u>जनपद झाँसी</u>

<u>दिनांक – 26.06.2026</u>

- **झाँसी पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही।**
- **ऑनलाइन साइबर ठगी के शिकार पीड़ित के 1,53,000/- रुपये वापस कराए गए।**

अवगत कराना है कि साइबर संबंधी बढ़ते अपराधों की रोकथाम एवं बचाव हेतु पुलिस महानिदेशक साइबर अपराध, उत्तर प्रदेश, लखनऊ श्री विनोद के. सिंह के निर्देशानुसार, पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र, झांसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी श्री बी.बी.जी.टी.एस. मूर्ति के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मोठ पुलिस एवं साइबर सेल झांसी द्वारा महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है।

दिनांक 03.05.2026 को आवेदक श्री हरीदास महाराज के साथ ₹1,53,000 की साइबर ठगी की घटना घटित हुई थी, जिसके संबंध में उनके द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी (ACK No. 33105260102522)। सूचना प्राप्त होने पर साइबर सेल/थाना मोठ पुलिस द्वारा तत्काल सक्रियता दिखाते हुए संबंधित बैंक एवं अन्य आवश्यक माध्यमों से समन्वय स्थापित कर धनराशि को होल्ड कराया गया।

साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित सहायता प्रदान करने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में साइबर सेल एवं थाना मोठ पुलिस की तत्पर कार्रवाई, तकनीकी सहायता एवं अथक प्रयासों के फलस्वरूप साइबर ठगी की संपूर्ण धनराशि ₹1,53,000 पीड़ित को वापस कराई गई।

धनराशि प्राप्त होने पर पीड़ित द्वारा झांसी पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

<u>बरामदगी/वापस कराई गई धनराशि –</u>

₹1,53,000 (एक लाख तिरपन हजार रुपये)

<u>बरामद कराने वाली पुलिस टीम –</u>

1. उ0नि0 रजनीकान्त
2. हे0का0 419 दीप तिवारी
3. का0 337 राहुल यादव